सतना | रविवार | 11 जनवरी 2026 | वर्ष 27 | अंक 130 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




## एक नजर में

### जम्मू-कश्मीर में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल कर दिया है। जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक अग्रिम क्षेत्र से पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के जरिए गिराई गई हथियारों की खेप बरामद की गई है. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि दो पिस्तौल, तीन मैगजीन, 16 कारतूस और एक ग्रेनेड सहित अन्य सामान बरामद किया है.

### एलओसी के पास संदिग्ध कबूतर पकड़ा गया

**श्रीनगर.** जम्मू के अखनूर सेक्टर में पाकिस्तान सीमा के पास एक संदिग्ध कबूतर पकड़ा गया है. यह कबूतर लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के नजदीक स्थित एक अग्रिम गांव से मिला. अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, यह हल्के स्लेटी रंग का कबूतर खाराह गांव में 13 साल के बच्चे आर्यन ने शनिवार सुबह पकड़ा.

# प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर में किया 'ऊं' का जाप

- पीएम का तीन दिवसीय गुजरात दौरा शुरू
- ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ पीएम ने की मीटिंग

**सोमनाथ, 10 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीन दिवसीय गुजरात दौरे की शनिवार को शुरुआत हुई. वे राजकोट से हेलिकॉप्टर के जरिए सोमनाथ पहुंचे. यहां उन्होंने रोड शो किया. इसके बाद सोमनाथ मंदिर पहुंचे और सोमेश्वर महादेव की महाआरती की. इसके बाद 72 घंटे चलने वाले ऊं जाप में शामिल होकर ऊं जाप भी किया. पीएम सोमनाथ सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे. मंदिर पहुंचने से पहले पीएम ने सोमनाथ सर्किट हाउस में सोमनाथ के ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी.**



### लोगों का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए आभारी हूं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर पहुंचने से पहले रोड शो किया. पीएम को देखने के लिए सड़क के दोनों और भीड़ मौजूद रही. इस दौरान पीएम ने एक्स पर पोस्ट कर कुछ फोटो शेयर करते हुए लिखा, सोमनाथ में आकर धन्य महसूस कर रहा हूं, जो हमारी सभ्यतागत हिम्मत का गौरवशाली प्रतीक है. यह दौरा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान हुआ है, जब पूरा देश 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले हमले के हजार साल पूरे होने पर एक साथ आया है. लोगों का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए आभारी हूं.

### आज ज्योतिर्लिंग मंदिर में करेंगे विशेष पूजा


रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमनाथ के पवित्र ज्योतिर्लिंग मंदिर में विशेष पूजा करेंगे. मंदिर दर्शन के बाद वे सोमनाथ में आयोजित शौर्य यात्रा में भाग लेंगे. सोमनाथ कस्बे में लगभग एक किलोमीटर लंबी शौर्य पर्व यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे.

### कल जर्मनी के चांसलर से करेंगे मुलाकात

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी 12 जनवरी, सोमवार को जर्मनी के चांसलर से मुलाकात करेंगे. इस मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. बताया जा रहा है कि मोदी और चांसलर मर्ज व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे.

## पाकिस्तान में दिन दहाड़े युवा हिंदू की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 25 वर्षीय हिंदू किसान और सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश कोहली की गोली मारकर हत्या कर दी गई. एक प्रभावशाली जमींदार सरफराज निजामानी पर इस घटना का आरोप लगा है. यह विवाद जमींदार की जमीन पर एक झोपड़ी बनाने को लेकर हुआ था. घटना के बाद सिंध में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए. हाइवे को ब्लॉक कर दिया गया, जनता की मांग है कि अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए.




सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूरे होने का जश्न!

# वेनेजुएला का तेल भारत को देगा अमेरिका

*ट्रम्प दुनिया की बड़ी ऑयल कंपनियों के अफसरों से मिले*

**वॉशिंगटन, 10 जनवरी. अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदने की इजाजत दे सकता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है.**

अधिकारी के मुताबिक यह सब अमेरिका की निगरानी और शर्तों के साथ होगा. हालांकि इससे



जुड़ी शर्तें क्या हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है. इसका मतलब यह है कि अमेरिका के प्रतिबंधों की वजह से जो व्यापार रुका हुआ था, वह अब फिर से शुरू हो सकता है.

वहीं एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस भी चाहती है कि अमेरिका उसे वेनेजुएला का तेल खरीदने की इजाजत दे दे. दूसरी ओर ट्रम्प ने व्हाइट में दुनिया की बड़ी तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की.

# माहेश्वरी समाज जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर है : शाह

- माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेन्शन एंड एक्सपो - 2026
- कार्यक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

**जोधपुर, 10 जनवरी. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के जोधपुर में माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेन्शन एंड एक्सपो - 2026 को संबोधित किया. इस अवसर पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आदि मौजूद रहे.**



केंद्रीय .गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्वदेशी हमारा जीवन मंत्र होना चाहिए और स्वभाषा हमारे व्यवहार में आनी चाहिए. उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज हमेशा से जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर रहा है. कहा कि आज उन्हें एक ऐसे समाज के बीच उपस्थित होने की खुशी है, जिसने इस देश को सिर्फ देने का ही काम किया है.

उन्होंने कहा कि देश और विदेश में बहुत बड़े पदों पर पहुंचने और संस्थानों में उच्च स्वीकृति प्राप्त करने के बावजूद, यदि कोई समाज अपने मूल से इतना गहराई से जुड़ा रहा है, तो वह माहेश्वरी समाज ही है.

## 9 हजार नवचयनित कॉन्स्टेबलों को सौंपे नियुक्ति-पत्र

**जयपुर.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जयपुर में 9 हजार नव नियुक्त कॉन्स्टेबल को नियुक्ति पत्र दिए. राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में शाह ने कहा कि आज 9 हजार कॉन्स्टेबलों को किसी सिफारिश नहीं अपनी योग्यता से नियुक्ति मिली है. कोई राज्य तभी आगे आ सकता है, जब नियुक्ति पारदर्शिता से की हो. शाह ने कहा कि यह दिन राजस्थान पुलिस और कानून-व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इतने बड़े पैमाने पर नए जवान पुलिस बल से जुड़ रहे हैं. नियुक्ति पाने वालों में 2500 से अधिक महिलाएं शामिल हैं.

# एक और हिंदू की हत्या

**ढाका, 10 जनवरी. बांग्लादेश में एक और हिंदू समुदाय के युवक की हत्या की गई. सुनामगंज जिले में जॉय महापात्रो नाम के एक हिंदू युवक को पहले बुरी तरीके से पीटा और फिर जहर खिला दिया.**



हालत खराब होने पर महापात्रो को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां महापात्रों की इलाज के दौरान मौत हो गई. इस घटना के बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी काफी डरी हुई है. पिछले 18-20 दिनों में कम से कम 6 से 7 हिंदुओं की हत्या की खबरें आई हैं.

# राम मंदिर की सुरक्षा में चूक

**अयोध्या, 10 जनवरी. राम मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कश्मीरी युवक को धार्मिक गतिविधि करते हुए सुरक्षा बलों ने हिरासत में लिया. सूत्रों के अनुसार, युवक ने राम मंदिर परिसर के दक्षिणी परकोटे क्षेत्र में सीता रसोई के पास नमाज पढ़ने का प्रयास किया.**

युवक कश्मीरी वेशभूषा में था. युवक राममंदिर के गेट डी1 से घुसा था. पकड़े गए युवक का नाम अब अहमद शेख है. वह कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है. प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोके जाने पर युवक ने कथित तौर पर नारेबाजी शुरू कर दी थी. घटना की सूचना मिलते ही खुफिया एजेंसियां, स्थानीय पुलिस और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए.


**लोकपथ ऐप 2.0 का लोकार्पण** | लोनिवि का राज्य स्तरीय कार्यक्रम, सह प्रशिक्षण सत्र को सीएम ने किया संबोधित

# विकसित भारत का सपना इंजीनियर्स करेंगे साकार

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 10 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंजीनियर्स की क्षमता के आधार पर हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के वर्ष 2047 के विकसित और आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न देख रहे हैं.**

लोक निर्माण विभाग अपने नाम के अनुरूप लोक अर्थात जनता और निर्माण अर्थात सृजन से राज्य के जन-जन की सेवा के संकल्प को साकार कर रहा है. विभाग में विकास कार्यों को नई ऊंचाइयां देने की क्षमता है.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को लोक निर्माण विभाग के नवाचारों, डिजिटल पहल और अभियंताओं की क्षमता निर्माण पर केंद्रित राज्य स्तरीय कार्यक्रम सह प्रशिक्षण-सत्र को रवीन्द्र भवन में संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग द्वारा अभियंताओं के प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और आधुनिक परियोजना प्रबंधन में मार्गदर्शन के लिए...

( शेष पेज 9 पर )

### दो वर्षों में प्रदेश का लोनिवि सबसे दक्ष इंजीनियरों का होगा समूह



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि समय के साथ परियोजनाओं का स्वरूप बदला है. नई तकनीक, नई निर्माण सामग्री और नई सोच के साथ कार्य करने के लिए इंजीनियरों का तकनीकी रूप से दक्ष, मानसिक रूप से सशक्त और प्रबंधन में निपुण होना आवश्यक है. इसी उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सहयोगी साधन के रूप में तैयार किया गया है. मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन कर्मयोगी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विजनरी नेतृत्व में अगले दो वर्षों में प्रदेश का लोक निर्माण विभाग देश के सबसे दक्ष इंजीनियरों का समूह होगा.

